# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## मैनुअल पद्वति तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 4002 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर,दिनांक 16/01/2024

नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा अंतर्गत मरम्मत एवं संधारण कार्यो एवं सामग्री प्रदाय करने के लिये आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक संस्थानों से फार्म "सी" एवं फार्म "अ" में स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 01.02.2024 को अपरान्हः 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप–01 | जलप्रदाय शाखा अंतर्गत वार्षिक निविदा में जी0आई0 पाईप फिटिंग्स क्रय के संबंध में। | Rs-19.17 Lacs | Rs-60000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त क्रयादेश अनुसार |
| ग्रुप–02 | जलप्रदाय शाखा अंतर्गत वार्षिक निविदा मरम्मत एवं संधारण कार्यो के लिये आईल ग्रीस क्रय करने बाबत्। | Rs-05.19 Lacs | Rs-16000.00 | | |
| ग्रुप–03 | पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में महापौर निधि / पार्षद निधि / निगम मद से 150 मी.मी. व्यास के 120 मी. गहरे साधारण नवीन नलकूप खनन कार्य संपादन बाबत। **(वार्षिक निविदा)** | Rs-30.00 Lacs | Rs-60000.00 | Rs-1500.00 | |

प्राप्त निविदायें दिनॉक 02.02.2024 को पूर्वान्हः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 29.01.24 को सांय 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 30.01.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र (फार्म "ए / सी"), विस्तृत नियम तथा शर्तें एवॅ सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.inएवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) पर अवलोकन किया जा सकता है।

16/1/24

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

पृ0 क्रमांक 4003 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 16/01/2024

प्रतिलिपि :–

1 मान0 महापौर / अध्यक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2 मान0 सभापति, ज0प्र0शा0, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. संपादक.................................................दैनिक समाचार पत्र रायपुर / जगदलपुर की ओर संप्रेषित कर लेख है कि, कृपया आपके समाचार पत्र के आगामी अंक में मात्र एक बार **न्युनतम साईज** में प्रकाशित कर इस पत्र की छायाप्रति एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सह देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें ।
6. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय / लोक निर्माण शाखा कार्यालय / जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु ।
7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रषित।
8 प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।
9. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे

16.1.24

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक 4002 का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2024 जगदलपुर, दिनांक 16/01/2024

**निविदा से संबद्ध सामग्रियों का विवरण एवं नियम तथा शर्ते**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र स्पीड / रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | दिनांक 01.02.2024 सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि / समय | दिनांक 02.02.2024 अपरान्ह 11.30 बजे |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप 03 | पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में महापौर निधि / पार्षद निधि / निगम मद से 150 मी.मी. व्यास के 120 मी. गहरे साधारण नवीन नलकूप खनन कार्य संपादन बाबत। **(वार्षिक निविदा)** | **Rs-30.00 Lacs** | **Rs-60000.00** | **Rs-1500.00** | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त कार्यादेश अनुसार |

टीप :–

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी किया जावेगा। निर्धारित निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईड **www.nagarnigamjagdalpur.in** एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि का एफ. डी. आर. तथा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. – 1500.00 का डिमांड ड्राप्ट जो की आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो निविदा सह निर्धारित लिफाफा "A" के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नियम एवं शर्तो का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

16/1/24

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम
जगदलपुर

दा क्रमांक – 4002 दिनॉक – 16/1/2024

## निविदा हेतु नियम तथा शर्तें:–

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
2. निविदा में प्रतिभागी बनने के पूर्व नियम तथा शर्तों का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें। निविदा से संबद्ध किसी भी प्रकार की जानकारी नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा निरस्त करने, स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने/सामग्री की मात्रा कम अथवा अधिक करने/अनुमानित व्यय की राशि कम अथवा अधिक करने के समस्त अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेंगे।
4. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य रहेगा।
5. प्रस्तावित की जाने वाली दरों में समस्त प्रकार के कर एवं वर्तमान में प्रचलित जी.एस.टी. अतिरिक्त देय होगा तथा विभाग के भंडार कक्ष तक सामग्री पहुंचाने का समस्त व्यय (Transporting Charges & Labour Charges) सम्मिलित होना चाहिए। सामग्री प्रदाय उपरांत भुगतान किये जाने वाले देयकों में से शासकीय नियमानुसार करों की कटौति की जावेगी। परिवहन के दौरान सामग्रियों में किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सामग्रीयॉ स्वीकार योग्य नहीं होगी ।
6. आई.एस.आई. मार्क की सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।
7. धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को देय हो स्वीकार की जावेगी। पूर्व से विभाग में जमा एफ0डी0आर0 अथवा नगद राशि इस निविदा हेतु समायोजित नही की जावेगी।
8. स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि/समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
9. सामग्री प्रदाय हेतु पेन कार्ड की छायाप्रति, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति निविदा सह लिफाफा "बी" में प्राप्त होने पर ही दर प्रस्ताव से संबद्ध लिफाफा "सी" खोला जाकर निविदा पर विचार किया जावेगा।
10. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की सक्षम स्वीकृति उपरांत रूपये 100.00 मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर अनुबंध संपादित किया जाना होगा। अनुबंध अनुरूप सामग्री प्रदाय करने में असफल रहने पर भुगतान देय नही होगा साथ ही विभाग नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अनुबंधित अवधि में दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नही होगी।
11. उच्च गुणवत्ता की वांछित सामग्री प्रदाय की जानी होगी अन्यथा भुगतान देय नही होगा। सामग्री का परीक्षण करवाये जाने हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा।
12. सामग्री प्रदाय उपरांत सफल परिक्षण किये जाने के बाद ही भुगतान देय होगा।
13. क्रयादेश में दर्शित प्रदाय अवधि अंतर्गत सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य होगा।
14. निविदा हेतु छत्तीसगढ़ क्रय नियमावली का पालन किया जावेगा।
15. निविदा में भाग लेने के लिए नियम/शर्तें का पूर्ण अवलोकन कर निविदा में सम्मिलित होवें । किसी प्रकार जानकारी हेतु नगर निगम के जलप्रदाय शाखा में निम्नांकित सहायक अभियंता सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
16. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क सहित कार्यो का नाम स्पष्ट उल्लेख कर लेटर हेड में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, निर्धारित तिथ एवं समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर**

..............................................................

..............................................................

17. निविदा शर्तें में चाही गई अभिलेख/दस्तावेज/परिपत्र आदि की सत्यापित प्रति प्रत्येक कार्य के निविदा में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। किसी निविदादाता द्वारा एक कार्य का निविदा में सम्पूर्ण अभिलेख होने तथा दुसरे कार्य निविदा में अभिलेख जमा नहीं होने की स्थिति में दुसरे कार्य का निविदा को निरस्त किया जावेगा।

18. निविदा प्रपत्र निगम द्वारा कार्यपालन अभियंता के हस्ताक्षर हो तथा निगिम से जारी किया गया हो ही मान्य होगा।

19. उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी निगम के विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर यो निगम कार्यालय से प्राप्त कर अवलोकन उपरांत दिये गये निर्देशानुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है

20. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

21. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क जमा नहीं करने पर निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जावेगा।

22. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक पोस्ट आफिस के माध्यम से जमा करना होगा । कुरियर आदि से प्राप्त निविदाऐं मान्य नहीं होगा। जिसे मूलतः वापस किया जावेगा ।

23. निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक पोस्ट आफिस के माध्यम से प्राप्त निविदा को विचार न करते हुए मूलतः वापस किया जावेगा।

24. निविदा खोलने की तिथि एवं समय पर ठेकेदार या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि अधिकार पत्र के साथ उपस्थित नहीं होने की स्थिति में निगम द्वारा निविदा खोली जावेगी, जिस पर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा ।

25. निविदादाता को रू. 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर में संलग्न प्रारूप में नोटराईज शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा। शपथा पत्र में नोटराईज की तिथि निविदा जारी एवं अंतिम तिथि के मध्य का होना अनिवार्य है।

26. न्यूनतम दरदाता को न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरांत निगम से सूचना दिये जाने के 15 दिवस के अंदर रू. 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर प्रस्तुत करने पर अनुबंध उपरांत कार्यादेश जारी किया जावेगा, अन्यथा निविदा निरस्त कर अमानत राशि राजसात करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किया जावेगा।

27. नियम शर्तें का पूर्ण अवलोकन कर ही निविदा में सम्मिलित होवें। निविदा में सम्मलित होने पर सम्पूर्ण शर्तें मान्य समझा जावेगा।

28. निविदा के लिफाफा में निविदा सूचना क्रमांक.................... कार्य क्रमांक ................. लिखा जाना अनिवार्य है।

29. प्रथम आमंत्रण निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने पर नहीं खोला जाकर मूलतः वापस किया जावेगा।

30. निविदा अमानत राशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी हो तथा आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय हो स्वीकार किया जावेगा । जिसकी अवधि कार्य की अविधि से अधिक होना अनिवार्य है तथा निविदा जारी एवं अंतिम तिथि के मध्य की तिथि का होना अनिवार्य है । द्वितीय आमंत्रित निविदा में प्रथम आमंत्रण के समय को माध्य किया जावेगा।

31. अमानत राशि का मूल एफ.डी.आर./टी.डी.आर. की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

32. निविदा तीन लिफाफा पद्धति से स्वीकार किये जायेंगें, जिसमें निम्नानुसार प्रपत्र/दस्तावेज/निविदा प्रपत्र रखना आवश्यक है ।

''अ'' निविदा की नियम व शर्तें की एक–एक हस्ताक्षरित प्रति, निविदा प्रपत्र शुल्क का मूल रसिद की प्रति, अमानत राशि का मूल एफडीआर जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय,, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति प्रस्तुत आदि।

**निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर**

..............................................................

..............................................................

''ब'' लिफाफा में निविदा प्रपत्र ''ए/सी'' में निविदा दर भरकर निविदा की मूल प्रति ठेकेदार का हस्ताक्षर युक्त

''स'' लिफाफा में सीलबंद अ एवं ब लिफाफे रखकर स्पीड पोस्ट/रजि.डाक के माध्यम से निर्धारित समयावधि में प्राप्त होना अनिवार्य है

लिफाफा ''अ'' को पहले खोला जावेगा तथा पर्याप्त सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं चाही गई अभिलेख होने पर ही दूसरे ऑफर प्रस्ताव लिफाफा ''ब'' को खोला जावेगा अन्यथा निरस्त कर दिया जाएगा ।

33. सशर्त निविदायें स्वीकार योग्य नहीं होगी।
34. निविदा सूचना एवं नियम शर्तें, अनुबंध का एक भाग होगा।
35. निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिका निगम के पास सुरक्षित है।
36. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंकों में लिखना अनिवार्य होगा। काट–छांट अथवा ओव्हर राइटिंग की हुई निविदा अस्वीकार की जावेगी।
37. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम होगा।
38. ठेकेदार को निविदा शर्तो एवं छ.ग. राज्य कार्य मेनुअल तथा इस संबंध में समय–समय पर लोक निर्माण विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन अनिवार्यतः करना होगा।

16.1.22

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर

..............................................................

..............................................................